



## एक नजर में

### दिनेश छालीवाल सेन समाज के जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

**मंदसौर।** जिला सेन समाज संगठन की मजबूती के लिए समाज अध्यक्ष बलराम राठौर ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए दिनेश छालीवाल को जिला सेन समाज संगठन का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। समाज के जिला सचिव अशोक परमार डिकोला ने प्रेस विज्ञप्ती के माध्यम से बताया है कि दिनेश छालीवाल भानुपरा नीवासी होकर वर्षों से सामाजिक क्षेत्र में निरंतर सक्रिय कार्य कर रहे। श्री छालीवाल लंबे समय से सार्वजनिक क्षेत्र में पत्रकारिता के माध्यम से समाज कल्याण मे लगे है। श्री छालीवाल जिला सेन समाज को जागरूक करने और आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत करते रहते है। में छालीवाल को जिला संगठन उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर समाज जनों में हर्ष व्यक्त की लहर है। मीडिया परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ बधाईयां दी।

### खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन विरूद्ध कार्रवाई की



**मंदसौर।** खनिज विभाग की प्रभारी अधिकारी भावना सेंगर द्वारा बताया गया कि खनीज विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 प्रारंभ होते ही अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारणकर्ताओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की गई। खनीज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन/परिवहन / भण्डारणकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 02 पोकलेन, 02 जेसीबी एवं 07 ट्रेक्टरों को जप्त किया गया जिनपर म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही प्रचलित है। उक्त के क्रम में उत्खनिपट्टो की जांच के दौरान 02 उत्खनिपट्टा पर स्वीकृत क्षेत्र के बाहर खनन होना पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध नियमानुसार अवैध उत्खनन के प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। समस्त प्रकार के खनिजों के अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारण की प्रभावी रोकथाम हेतु भविष्य में भी खनिज विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जाती रहेगी।

### ऑनलाइन *IPL* सट्टा करते एक आरोपी गिरफ्तार, अब तक 5 प्रकरण दर्ज

**मंदसौर।** थाना कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में 22 अप्रैल को आरोपी भावेश ओस्तवाल (34) निवासी कर्मचारी कॉलोनी को कालाखेत स्कूल ग्राउंड से सट्टा संचालित करते पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 80 हजार रुपये का ऑनलाइन सट्टे का हिसाब व डायरी जब्त की है। मामले में कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 272/26 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार, इससे पहले भी क्रिकेट सट्टे के चार अन्य मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। सभी प्रकरणों में आरोपियों के पास से मोबाइल फोन सहित अन्य सामग्री जब्त की गई है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौर सहित कोतवाली पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मंदसौर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : ड्रग तस्कर की 1 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

**मंदसौर।** मंदसौर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी की अवैध रूप से अर्जित करीब 1 करोड़ रुपये की संपत्ति फ्रीज करवाई है। यह कार्रवाई सफेमा एक्ट के तहत की गई। जानकारी के अनुसार थाना पिपलियामंडी पुलिस ने आरोपी उमराव सिंह चौहान निवासी तलाव पिपलिया के खिलाफ प्रकरण तैयार कर सफेमा न्यायालय मुंबई में प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने सुनवाई के बाद आरोपी, उसके परिवार और रिश्तेदारों की भूमि, बैंक खातों में जमा राशि एवं वाहनों सहित कुल संपत्ति को फ्रीज करने के आदेश जारी किए। आरोपी के विरुद्ध पहले से ही एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन में की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी विक्रम सिंह इवने सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आज चंद्रपुरा क्षेत्र में श्री राधा कृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन होगा

**मंदसौर।** श्री क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज मंदसौर द्वारा भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर मेला ग्राउंड के सामने जैन मंदिर के पास चंद्रपुरा क्षेत्र में श्री राधा कृष्ण मंदिर के पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पंचम दिवस 24 अप्रैल शुक्रवार को स्थापित देवों का पूजन,हवन, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, कलश प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, और महाआरती का आयोजन यज्ञाचार्य पं. श्री उमेश जोशी के आचार्यत्व में संपन्न होगा। यह जानकारी देते हुए प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के संयोजक प्रदीप भाटी ने बताया कि नवनिर्मित देवालय में लगभग 150 वर्ष पुरानी श्री राधा कृष्ण की प्रतिमाए बड़ी प्राचीन एवं चमत्कारिक हे समाज की सारी समस्याओं के फैसले प्राचीन समय में इन प्रतिभाओं के सामने होते थे यह प्रतिमाएं शहर के पुराने क्षेत्र गुदरी मोहल्ले में स्थापित थी समाज के सभी पंचों की सहमति से इन प्रतिमाओं को नवीन मंदिर में पुनर्प्रतिष्ठा तथा शिव परिवार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का यह आयोजन 20 अप्रैल से आरंभ हुआ जो 24 अप्रैल शुक्रवार को संपन्न होगा। प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई हेमाद्रि संकल्प दश विधि स्नान मंडप प्रवेश द्वितीय दिवस यज्ञ का शुभारंभ तृतीय एवं स्थापित देवता पूजन हवन चतुर्थ दिवस सुन्दर कांड भजन संध्या आदि आयोजन हुए। कार्यक्रम के संरक्षक श्री राजेंद्र भाटी ने बताया कि 24 अप्रैल शुक्रवार को आयोजित श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नगर के सर्व समाज को आमंत्रित किया गया है। क्योंकि मंदिर किसी समाज विशेष के लिए नहीं सर्व समाज के महानुभावों के लिए होता है उन्होंने प्रतिष्ठा महोत्सव के सभी आयोजनों समाज प्रमुखों से सम्मिलित होने का अनुरोध किया है। बाहर से पधारे हुए अतिथियों का एवं नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं जिला प्रेस क्लब पूर्व अध्यक्ष पं ब्रजेश जोशी, म.प्र. छत्तीसगढ़ गुरु सिंह सभा के जिलाध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह चावला, नागदा माली समाज के अध्यक्ष प्रहलाद पंवार, नारायण चौहान इंदौर, चंद्रशेखर कच्छावा आदि का स्वागत आयोजन समिति के अध्यक्ष, महेश भाटी, सचिव प्रीतम मारोठिया एवं कोषाध्यक्ष जितेंद्र भाटी आदि द्वारा किया गया।

### श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्रऋषि म.सा. व उपाध्याय डॉ. गौतम मुनिजी की पावन निश्रा में हुई धर्मसभा

**मंदसौर।** गुरुवार को मल्हारगढ़ स्थित जैन श्वेतांबर तपागच्छ उपाश्रय में श्रमण संघीय युवाचार्य श्री महेंद्रऋषिजी म.सा. आदि ठाणा-4 व उपाध्याय डॉ. गौतम मुनिजी म.सा. के पावन सानिध्य में विशाल धर्मसभा (प्रवचन) का आयोजन हुआ। कई वर्षों के बाद दोनों जैन संतों की एक साथ एक ही जगह पर धर्मसभा हुई। मल्हारगढ़ धर्मसभा में मंदसौर, चित्तौड़गढ़, पिपलियामंडी श्रीसंघ सहित मल्हारगढ़ नगर के बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। धर्मसभा में युवाचार्य श्री महेंद्रऋषिजी म.सा. ने कहा कि प्रत्येक प्राणी सुखी रहना चाहता है लेकिन क्या हम वास्तव में सुखी हैं, इसका विचार करें। कहीं ऐसा तो नहीं है कि हम क्षणिक सुख के पीछे भाग रहे है। घर-गृहस्थी, भौतिक सुख-सुविधाओं में हम सुख ढूंढ रहे हैं, यह सुख क्षणिक है। अगर वास्तविक सुख पाना चाहते हैं तो जिनवाणी का श्रवण करें, उसे समझें। जिनवाणी का ज्ञान ही हमें वास्तविक सुख से परिचय करा सकता है। आपने मोह को घटाने पर बल दिया और कहा कि पाखंड में नहीं पड़ें बल्कि मानवता की सेवा करें। आपने इस मौके पर गौतम मुनिजी के ज्ञान-दर्शन-चारित्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि गौतम मुनिजी आगमों के ज्ञाता हैं व आगमों का रहस्य जानते हैं। प.पू. श्री गौतम मुनिजी म.सा. ने कहा कि हम सदैव ही दूसरों के दोष देखते हैं, दोष देखने के बजाय गुण देखें। गुणों पर ध्यान देंगे तो हमारा जीवन सुधरेगा व मोह घटेगा। आपने कहा कि राग एवं द्वेष को छोड़े बिना धर्म समझ में आने वाला नहीं है। यदि हमें मोक्ष पाना है तथा परमात्मा की कृपा पानी है तो सर्वप्रथम हमें द्वेष को छोड़ना होगा।

# पोषण पखवाड़ा का समापन, पोषण योद्धाओं को सम्मानित किया

▸ कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने पोषण को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई



**मंदसौर। प्रदेश में 8वें 'पोषण पखवाड़ा' का समापन गुरूवार को हुआ। इस अवसर पर आई एच एम भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और पोषण को लेकर प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने वैज्ञानिक तथ्यों को साझा करते हुए कहा कि एक सशक्त राष्ट्र की नींव बच्चों के स्वस्थ बचपन में छिपी है और इसके लिए जीवन के शुरुआती 6 वर्ष सबसे निर्णायक होते हैं।**

मंत्री सुश्री भूरिया ने 'मिशन पोषण 2.0' की सफलता पर कहा कि विज्ञान यह सिद्ध कर चुका है कि मनुष्य के मस्तिष्क का अधिकांश विकास उसके जीवन के शुरुआती छह वर्षों में ही हो जाता है। ऐसे में गर्भावस्था से लेकर बच्चे के दूसरे जन्मदिन तक के 'प्रथम 1000 दिन' वह सुनहरा कालखंड हैं, जहाँ सही पोषण और उचित देखभाल के जरिए एक मजबूत पीढ़ी का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि वे अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि एक स्वस्थ माँ ही सुपोषित भविष्य की जननी है।

मंत्री सुश्री भूरिया ने शिशु स्वास्थ्य के बुनियादी सिद्धांतों पर चर्चा करते हुए कहा कि 'कोलोस्ट्रम' यानी माँ के पहले गाढ़े पीले दूध को नवजात का 'पहला टीका' माना जाता है। उन्होंने स्तनपान की सही तकनीक और जन्म से छह माह तक केवल स्तनपान के महत्व पर जोर दिया। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि छह माह की आयु पूर्ण होने के बाद बच्चों को सही समय पर पौष्टिक ऊपरी आहार देना अनिवार्य है, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक वृद्धि में कोई बाधा न आए। उन्होंने आधुनिक दौर की चुनौतियों का जिक्र करते हुए अभिभावकों को सचेत किया कि वे बच्चों का 'स्क्रीन टाइम' यानी मोबाइल और टीवी से दूरी कम करें और उन्हें खेल-आधारित शिक्षा की ओर प्रेरित करें। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि पोषण पखवाड़ा' के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने पूरे देश में जन आंदोलन पोर्टल पर गतिविधियों की प्रविष्टि के मामले में देश भर में तीसरे स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से कुपोषण को दूर करने, स्तनपान को बढ़ावा देने और स्वस्थ आहार के साथ बच्चों के प्रारंभिक विकास पर विशेष बल दिया गया। मंत्री सुश्री भूरिया ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और कुपोषण निवारण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों, जनप्रतिनिधियों और कर्मठ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इन 'पोषण योद्धाओं' की सक्रियता के कारण ही मध्यप्रदेश के दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति चेतना जागी है।

कार्यक्रम में आयोजित 'पोषण प्रदर्शनी' का अवलोकन करते हुए मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मोटे अनाजों और संतुलित आहार के मॉडलों की सराहना की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल 15 दिनों के आयोजन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि संतुलित पोषण को हर घर की दैनिक आदत बनाना हमारा साझा लक्ष्य है। समारोह का समापन एक सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने हर बच्चे के मस्तिष्क विकास और सर्वांगीण स्वास्थ्य के लिए निरंतर कार्य करने की शपथ ली।

### उपाध्याय डॉ. गौतममुनिजी म.सा. का 26 को होगा आगमन, विहार धाम का होगा भूमिपूजन

**मंदसौर।** लगभग 10 वर्षों के उपरांत मंदसौर नगर की पुण्य धरा पर उपाध्याय डॉ. गौतम मुनिजी म.सा. प्रथम व सेवाभावी संत श्री वैभवमुनिजी म.सा. का आगमन होने वाला है। दिनांक 26 अप्रैल, रविवार को संत श्री का मंदसौर में आगमन संभावित है। प.पू. श्री गौतम मुनिजी म.सा. को मंदसौर पधारने की विनती करने हेतु कल गुरुवार को मंदसौर श्रमण श्रीसंघ ने मल्हारगढ़ पहुंचकर दोनों संतों को मंदसौर पधारने का आग्रह किया। मल्हारगढ़ में आयोजित धर्मसभा (प्रवचन) के दौरान मंदसौर से गए लगभग 30 श्रावक-श्राविकाओं के समूह ने उपाध्याय डॉ. गौतम मुनिजी म.सा. से मंदसौर पधारने की विनती करते हुए उनसे चर्चा की। गौतम मुनिजी म.सा. ने मंदसौर श्रीसंघ की विनती पर दिनांक 26 अप्रैल, रविवार को मंदसौर बायपास रोड, गुराड़िया देदा चौराहे पर स्थित नाहर पेट्रोल पंप स्थल पर संतों एवं साध्वियों को अल्प समय के लिए रात्रि में विहार के दौरान रुकने हेतु बनाए जा रहे विहार धाम के भूमिपूजन में पधारने की स्वीकृति दी। दिनांक 26 अप्रैल, रविवार को प्रातः 8.30 बजे उपाध्याय का गुराड़िया देदा स्थित नाहर पेट्रोल पंप पर आगमन होगा।

### पितृ स्मृति में गुर्जर परिवार की अनूठी पहल

## राहगीरों के लिए शीतल जल की प्याऊ और पक्षियों के लिए बांटे सकोरे

**मन्दसौर।** नर सेवा ही नारायण सेवा है और अपने पूर्वजों को सच्ची श्रद्धांजलि देने का सबसे उत्तम मार्ग जनसेवा ही है। इसी भावना को चरितार्थ करते हुए ग्राम पालड़ी के गुर्जर परिवार ने अपने पूज्य पिताजी की स्मृति में मानवता और जीव-दया की एक मिसाल पेश की है। पालड़ी के गुर्जर परिवार के तीन भाइयोंकृग्राम पंचायत सचिव करण सिंह, इंदर सिंह एवं समाजसेवी व पूर्व सैनिक मुकेश गुर्जर द्वारा अपने स्वर्गीय पिता भारतसिंह गुर्जर की पावन स्मृति में इस वर्ष भी भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे जल की प्याऊ स्थापित की गई है। उल्लेखनीय है कि गुर्जर परिवार पिछले पांच वर्षों से लगातार सेवा का यह प्रकल्प चला रहा है। इस वर्ष परिवार ने इसे और अधिक विस्तार देते हुए गांव के मुख्य मार्ग (अफजलपुर-चिपलाना-बासाखेड़ रोड) पर पूरे वर्ष के लिए स्थाई प्याऊ की व्यवस्था की है। राहगीरों की सुविधा के लिए यहाँ 2000 लीटर क्षमता की पानी की टंकी बनवाई गई है और तपती धूप से बचाव के लिए टीन शेड का निर्माण भी किया गया है, ताकि यात्री चैन से विश्राम कर अपनी प्यास बुझा सकें। मानवीय सेवा के साथ-साथ मूक पक्षियों के प्रति भी संवेदना प्रकट करते हुए परिवार द्वारा ग्रामीणों को सकोरे वितरित किए गए और प्याऊ परिसर के आसपास भी पानी के सकोरे लगाए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस परिसर में पूर्व में ही सघन पौधारोपण भी किया जा चुका है। गुर्जर परिवार का सेवा का यह सिलसिला नया नहीं है। इससे पूर्व भी करण सिंह, इंदर सिंह और मुकेश गुर्जर ने कोरोना काल की विषम परिस्थितियों में अपने पिता की स्मृति में एक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन खरीदकर शासकीय अस्पताल को दान की थी। परिवार के सदस्यों का कहना है कि पूर्वजों के बताए संस्कारों पर चलते हुए समाज हित के कार्य करना ही उन्हें दी जाने वाली सबसे सच्ची श्रद्धांजलि है।

# अक्षय तृतीया पारणे के साथ ही दान-पुण्य का शुभ दिन : युवाचार्य महेन्द्र

**मन्दसौर। अक्षय तृतीया पर्व के उपलख्य में वर्षीतप के पारणे लाभमुनि नेत्र चिकित्सालय परिसर पर युवाचार्य महेन्द्र ऋषि जी म.सा. के सानिध्य में हुये। इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुये वर्धमान स्थानकवासी श्रमण संघीय युवाचार्य प्रवर पू. श्री महेन्द्र ऋषि जी म.सा. ने कहा कि प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का प्रथम आहार दिवस अक्षय तृतीया पर्व के रूप में मनाया जाता है। तप के साथ ही पारणे का भी बहुत महत्व है। इक्षु ( गन्ने के रस ) रस से वर्ष भर के तप का पारणा किया जाता है।**




लाभमुनि जनसेवा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री नितीश जैन ने बताया कि चालीसगांव महाराष्ट्र निवासी श्रीमती विजया देवी ओस्तवाल का 25वां वर्षीतप का पारणा धूमधाम से इस अवसर पर हुआ। साथ ही युवाचार्य महेन्द्र ऋषि जी म.सा., तप सम्राट धवल ऋषि जी म.सा., महासती अर्पण श्री जी म.सा., श्रीमती केशर बाई तरंसिंग एवम् मधुबाला सुनील कुमार चोरडिया का पारणा भी हर्षोल्लास के साथ कराया गया। प्रवर्तक श्री विजय मुनि जी म.सा. ने लाभ मुनि नेत्र चिकित्सालय द्वारा की जा रही सेवाओं की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने सभी तपस्वियों को आशीर्वाद देते हुये तप की महत्ता पर प्रकाश डाला।

उपप्रवर्तक मानवता के प्रणेता परम पूज्य श्री अरुणमुनि जी म.सा. ने कहा कि आज ही के दिन श्रमण संघ का गठन हुआ था। आज श्रमण संघ 75 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। श्रमण संघ की स्थापना सन् 1952 में हुई थी। आखातीज का यह दिन सौभाग्यशाली है, इस दिन दिया गया दान सर्वोत्तम दान होता है। परम पूज्य व्याख्यान वाचस्पति श्री हितेन्द्र ऋषि जी म.सा. का 25 वें संयम दिवस पर लाभमुनि जनसेवा ट्रस्ट, अखिल भारतीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस व वर्द्धमान स्थानकवासी श्रीसंघ मंदसौर के द्वारा पूज्य मुनिराज को आदर की चादर समर्पित की गई। धर्मसभा को परम पूज्य श्री काव्याश्री जी म.सा., महासती श्री दिव्यज्योति जी म.सा., पूज्य महासती श्री सुप्रभा जी म.सा. आदि ने भी संबोधित किया। अखिल भारतीय जैन कॉन्फ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत जैन नई दिल्ली ने कहा कि परम पूज्य श्री लाभचन्द जी म.सा. की तपस्या कठोर तपस्या थी, आज उन्ही के आशीर्वाद स्वरूप इतना बड़ा कार्यक्रम मंदसौर में आयोजित हो रहा है। श्रमण संघ हमेशा समस्त स्थानकवासी समाज की एकता का प्रबल पक्षधर रहा है। मंदसौर ही नही वरन पूरे भारत में स्थानकवासी जैन समाज लाभ मुनि नेत्र चिकित्सालय की सेवा अनुकरणीय आदर्श सेवा के रूप में पहचानी जाती है। मानवता की मिसाल, नई-नई तकनीक लाकर लाभमुनि नेत्र चिकित्सालय हमेशा पीड़ित मानवता की सेवा कर रहा है। प्रारंभ में स्वागत गीत श्रीमती पुष्पा रांका, श्रीमती श्रद्धा कटारिया ने प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण ट्रस्ट उपाध्यक्ष नितीश जैन ने दिया। सफल संचालन ट्रस्ट के सचिव विजय खटोड़ ने किया। अतिथियों का स्वागत अनिल तलेरा, आनंदीलाल दुगड़, नरेन्द्र मेहता, नरेन्द्र पामेचा, सीए दिनेश जैन, अंकित कीमती ,अशोक ऊकावत, राजेश संचेती ,लोकेन्द्र जैन ,संजय तरवेचा, कांतिलाल रातड़िया, नरेन्द मारू, श्रीमती विनीता कीमती, श्रीमती प्रेमबाई दुगड़, श्रीमती बरखा जैन, श्रीमती लीला तलेरा, श्रीमती आशा तलेरा, श्रीमती प्रीति जैन, विभा मालू, राखी नाहर, आदि ने किया। चंदनबाला महिला मण्डल द्वारा तपस्वियों का स्वागत किया गया।

# पिपलिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज

▸ भाजपा नेता राठौड़ ने की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात

**पिपलियामण्डी। रतलाम रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले पिपलिया रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही मांग अब और तेज हो गई है। इसी सिलसिले में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य संदीपसिंह राठौड ने नई दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग रखी।**

राठौड ने मंत्री को बताया कि पिपलिया नगर के साथ-साथ रामपुरा, मनासा एवं आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों नागरिक वर्षों से प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी है। रेलवे स्टेशन पर सीमित ट्रेनों के ठहराव के कारण यात्रियों को अन्य बड़े स्टेशनों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त समय, खर्च और असुविधा झेलनी पड़ती है। उन्होंने विशेष रूप से 19333/34 इंदौर-बीकानेर एक्सप्रेस एवं 04735/36 श्रीगंगानगर-इंदौर एक्सप्रेस के पिपलिया स्टेशन पर ठहराव की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इन ट्रेनों के रुकने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं को खाटूश्याम और सालासर धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों तक सीधी एवं सुविधाजनक रेल सेवा मिल सकेगी। वर्तमान में सीधी कनेक्टिविटी के अभाव में यात्रियों को कई बार ट्रेन बदलनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। राठौड़ ने यह भी उल्लेख किया कि पिपलिया क्षेत्र कृषि एवं व्यापार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहां से बड़ी संख्या में व्यापारी एवं किसान विभिन्न शहरों की यात्रा करते हैं। यदि प्रमुख ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाता है, तो इससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए भी यह सुविधा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिन्हें उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बड़े शहरों में आना-जाना पड़ता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने रेलवे स्टेशन पर कोच पोजीशन डिस्प्ले सिस्टम स्थापित करने की मांग भी रखी। वर्तमान में इस सुविधा के अभाव में यात्रियों को अपने कोच की जानकारी समय पर नहीं मिल पाती, जिससे प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ और अफरा-तफरी की स्थिति बनती है। कोच पोजीशन सिस्टम लागू होने से यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से ट्रेन में चढ़ने में सुविधा मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। मंत्री सिंधिया से मुलाकात के दौरान राठौड ने जनभावनाओं का हवाला देते हुए आग्रह किया कि पिपलिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और आवश्यक सुविधाओं की शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इस मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्रीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि लंबे समय से लंबित यह मांग अब पूरी होगी और पिपलिया रेलवे स्टेशन को आवश्यक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा।

### कल 25 को मंदसौर आएंगे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल

**मंदसौर।** मंदसौर जिला युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित किसान न्याय सत्याग्रह को राष्ट्रीय नेतृत्व का समर्थन मिलने जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक श्री सत्यनारायण पटेल आगामी 25 अप्रैल 2026, शनिवार को मंदसौर प्रवास पर रहेंगे। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में सहभागिता करने के लिए श्री पटेल निजी विमान द्वारा विशेष रूप से पहुंच रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, श्री सत्यनारायण पटेल शनिवार प्रातः 10.45 बजे इंदौर एयरपोर्ट से निजी विमान द्वारा प्रस्थान करेंगे और प्रातः 11.25 बजे मंदसौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से वे सीधे कृषि उपज मंडी, मंदसौर के लिए रवाना होंगे, जहाँ प्रातः 11.45 बजे वे किसान न्याय सत्याग्रह में सम्मिलित होंगे। इस दौरान वे यूएस ट्रेड डील के विरोध में आंदोलित किसानों को संबोधित करेंगे और उनकी मांगों को मजबूती से उठाएंगे। सत्याग्रह में भाग लेने के पश्चात श्री पटेल दोपहर 12.45 बजे पुनः इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे। जिला युवा कांग्रेस ने इस दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

# बाल विवाह रुकवाने में प्रशासन की तत्पर कार्रवाई



**मंदसौर। प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि ग्राम अरणिया मीणा में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम तथा संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की।**

जांच के दौरान पाया गया कि बालक की आयु लगभग 17 वर्ष 11 माह 28 दिन थी, जो कि कानूनी विवाह आयु से कम है। तत्पश्चात अधिकारियों द्वारा बाल विवाह को रुकवाया गया। बालक के परिजनों द्वारा विवाह की तैयारियां की जा रही थीं, जिन्हें समझाइश देकर रोका गया।

इस कार्रवाई में परियोजना अधिकारी, पुलिस प्रशासन, पैरालीगल वॉलंटियर्स एवं वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा उसे अस्थायी रूप से ऑब्जर्वेशन होम (ह्स्ट) में रखा गया।

बालक एवं उसके माता-पिता को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें यह भी अवगत कराया गया कि बाल विवाह करना एक दंडनीय अपराध है, जिसमें शामिल व्यक्तियों को दो वर्ष तक का कारावास या एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि विवाह हेतु बालिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं बालक की 21 वर्ष होना अनिवार्य है।

**एक नजर** ▸ **मंदसौर में आयोजित प्रबुद्धजन एवं मातृ शक्ति गोष्ठी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सर कार्यवाह भैया जोशी ने संबोधित किया**

# भारत की दुर्लभ परम्पराओं का विश्व में कोई सानी नहीं!

**मंदसौर।** दुनिया में भारत की दुर्लभ परम्पराओं, संस्कृति, समाज और परिवार व्यवस्था का कोई सानी नहीं है, हमें केवल इसके महत्व को समझना होगा। यदि हमने जीवन में दृढ़ता से अपनी मूल परंपराओं का अनुसरण किया, तो हम विश्व के मार्गदर्शक बनने की स्थिति में होंगे। आज सनातन धर्म के मूल्यों को समझ कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। हम हिंदू होकर भी हिंदू नहीं बन पा रहे हैं, हमें स्वयं की भूमिका का निर्धारण करना होगा, तब भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना साकार होगा।

यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सर कार्यवाह श्री भैया जोशी ने व्यक्त किए। वे मंदसौर के श्री कुशाभाऊ ठाकरे पेक्षाग्रह में प्रमुख जन गोष्ठी एवं मातृ शक्ति गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

आपने कहा कि भारत की संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाने में जो कुरीतियां बाधक है उन्हें दूर करने का चिंतन समाज को करना चाहिए। हममें हिंदुत्व का भाव जगे, हम आचरण से भारतीय बनें, यह हमारा प्रयास होना चाहिए। आपने कहा कि जन्म के आधार पर प्रकृति ने




कोई भेदभाव नहीं किया है, तो हम क्यों करें? किसी भी प्रकार का भेदभाव चाहे जातिगत हो या अन्य कोई, दूर किया जाना चाहिए! हिंदू की सही पहचान जाति से नहीं, उसके जीवन मूल्यों से है। आपने कहा कि पुरातन काल की कुछ प्रथाएं आज कुरीतियों और विकृति में बदल गई है। एक सुदृढ़ राष्ट्र के निर्माण के लिए हमें उन्हें त्यागना होगा, आधुनिकता को स्वीकार करें, उसका सदुपयोग करें लेकिन पाश्चात्य सभ्यता को जीवन का हिस्सा न बनने दें। आपने दहेज प्रथा सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रमुख जन से आह्वान किया कि समाज से कुरीतियों को दूर करने की जिम्मेदारी समाज के प्रमुख जन को देखनी चाहिए। आपने यह भी कहा कि देशभक्ति केवल स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस तक सीमित नहीं है, यह हमारे नित्य जीवन में झलकना चाहिए। हमें सुपर पावर नहीं सुपर राष्ट्र बनना है। भारत ने कभी किसी राष्ट्र पर हमला नहीं किया, सदैव वसुधैव कुटुंबकम् की ही बात की है। गोष्ठी में शहर के प्रमुख जन एवं मातृ शक्ति की उपस्थिति रही।